**उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 11 | (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि ग्राम-सभा गोपालपुर तहसील-लम्भुआ जनपद-सुल्तानपुर में गुड्डू दुबे के दुकान से होते हुए गोपालपुर से फुटेला बार्डर तक का मार्ग डामर रोड न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | (क) जनपद-सुल्तानपुर के ग्राम सभा-गोपालपुर तहसील-लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर में गुड्डू दुबे के दुकान से होते हुये गोपालपुर से फुटेला बार्डर तक लम्बाई 900 मी0 है, जिसमें 350 मी0 लम्बाई में पुरानी इण्टरलाकिंग, 450 मी0 लम्बाई में खड़न्जा तथा 100 मी0 लम्बाई में पुराना कच्चा रास्ता बना हुआ है। |
| | (ख) क्या उक्त के सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत संख्या-4001792203 4267 के द्वारा उक्त कार्य को किये जाने का अनुरोध किया गया है? | (ख) जी, हाँ। |
| | (ग) यदि हाँ, तो उक्त मार्ग पर डामर रोड बनवायेंगे ? | (ग) ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नवनिर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| | (घ) यदि हाँ, तो कब ? | (घ) प्रश्न नहीं उठता। |

(केशव प्रसाद मौर्य)
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।